**भारत सरकार**

**पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 2894**

**दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# आंध्र प्रदेश में ग्रामीण जलापूर्ति और स्वच्छता परियोजना

2894. श्री सी॰ एम॰ रमेशः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश में विश्व बैंक की सहायता से ग्रामीण जलापूर्ति और स्वच्छता संबंधी एक परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो उसके कार्यान्वयन की स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना से जिले–वार कुल कितनी आबादी लाभान्वित होगी?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) और (ख) : जी, हाँ। जैसा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है, इस परियोजना का नाम आंध्र प्रदेश ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता परियोजना (एपीआरडब्ल्यूएसएसपी) है जिसका कार्यान्वयन विशाखापत्तनम, कडापा और प्रकासम जिले में किया जा रहा है। यह परियोजना पूरी होने के अंतिम चरण में है। परियोजना परिव्यय 405.72 करोड़ रु. है। अब तक 327.46 करोड़ रु. व्यय कर लिए गए हैं। इस परियोजना में अवसंरचना विकास के अंतर्गत 1661 निर्माण कार्य किए गए और सभी कार्य पूर्ण होने के करीब हैं। एपीआरडब्ल्यूएसएस परियोजना की समाप्ति की तारीख मई, 2017 है।

(ग) लाभ प्राप्त करने वाली आबादी का जिलावार ब्यौरा निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **जिला** | **आबादी (लाख)** |
|---|---|---|
| | एसवीएस (एकल ग्राम योजना) | |
| 1 | कडापा | 0.79 |
| 2 | प्रकासम | 4.19 |
| 3 | विशाखापत्तनम | 1.81 |
| | कुल : | **6.79** |
| | **एमवीएस (बहुल ग्राम योजना)** | |
| 1 | कडापा | 0.92 |
| 2 | प्रकासम | 0.46 |
| 3 | विशाखापत्तनम | 0.45 |
| कुल | | **1.83** |
| **कुल योग** | | **8.62** |